सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 21 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को उत्तरांचल विश्वविद्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ‘‘यू–जीनियस 2.0’’ का शुभारंभ किया। यूनियन बैंक द्वारा देशभर में 32 स्थानों में इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा, जिसका शुभारंभ आज देहरादून से किया गया। 32 स्थानों से सभी विजेता बच्चों का मेगा फाइनल मुंबई में आयोजित किया जाएगा। यूनियन बैंक द्वारा सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के तहत देशभर के स्कूली बच्चों के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज की क्विज प्रतियोगिता में 250 स्कूलों के एक हजार से अधिक बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने यूनियन बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने उपस्थित बच्चों से कहा कि प्रतियोगिता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होता है और यह हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार करती है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करना कभी नहीं छोड़ें। परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता और जीवन में सफलता पाने के लिए परिश्रम बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे त्रिशूल के रूप में अपने अंदर तीन गुण दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्म नियंत्रण और आत्मानुशासन को अवश्य धारण करें। अपने मिशन और लक्ष्य हमेशा ऊंचे और असीमित रखें और उनके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयत्न करें।

राज्यपाल ने कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। अभी हम आजादी के अमृतकाल में हैं, और हमने प्रण लिया है कि 2047 में जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा तो भारत, विकसित भारत, विश्वगुरु भारत और सर्वश्रेष्ठ भारत होगा। इसमें आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हमने बेहद कम लागत में चंद्रयान–3 मिशन का प्रक्षेपण किया है जो जल्दी ही चंद्रमा की सतह में उतरने वाला है। इस प्रकार के ऐतिहासिक समय हम सभी को गर्व की अनुभूति करवाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विश्व में जो प्रतिष्ठा बड़ी है वह हम सभी को गौरवान्वित करती है। आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए आयाम लिख रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरणविद डॉ. अनिल जोशी ने उपस्थित बच्चों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रकृति के विज्ञान को समझना चाहिए। हमें प्रकृति के प्रति गंभीर होने की जरूरत है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को अच्छा पर्यावरण मिल सके। इस अवसर पर यूनियन बैंक के क्षेत्रीय निदेशक लोकनाथ साहू ने प्रतियोगिता और बैंक द्वारा सीएसआर के तहत की जा रही गतिविधियो की जानकारी दी। कार्यक्रम में उत्तरांचल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जितेंद्र जोशी, कुलपति प्रो. धर्मबुद्धि सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

..........0...........